Baba’s Praise

31/3/2015

- बाप का पार्ट है-सबके दु:ख हरकर सुख देना, रावण की जंजीरों से छुड़ाना।

- यह तो है पारलौकिक बाप। इनका लौकिक जन्म नहीं है। इनका तो कहा जाता है दिव्य जन्म।

- बाप को भी बुलाते हैं-हे पतित-पावन, दु:ख हर्ता, सुख कर्ता आओ, हमको इस रावण की जंजीरों से छुड़ाओ।

- बेहद की सारी दुनिया का रचयिता एक ही बाप है। बाकी सब हैं उनकी रचना या हद के रचयिता।



- बाप ही आकर कर्मों की गति समझाते हैं।
- माया ते हारे हार, माया ते जीते जीत। जीत बाप ही पहनाते हैं इसलिए इनको सर्वशक्तिमान कहा जाता है।
- भगवान बाबा है, तो बाप से जरूर वर्सा मिलता होगा।
- बाप आकर मनुष्य से देवता बनाते हैं। देवतायें होते ही सतयुग में हैं।



- बाप फिर स्वर्ग की बादशाही 21 जन्मों के लिए तुम्हारे हवाले कर देते हैं।

- बाप है ही दु:ख हर्ता, सुख कर्ता।

- अभी बाप ने तुम्हें ज्ञान का तीसरा नेत्र दिया है।

- अभी बाप जो तुमको पढ़ा रहे हैं फिर यह पढ़ाई प्राय:लोप हो जायेगी।